मोटापे से छुटकारे का आसान उपाय बैरियाट्रिक सर्जरी

अमृतसर, 7 जून (पाठक): अगर लगातार भारी कसरत सहित दूसरे उपायों से मोटापे से छुटकारा न मिले तो इसका एक मात्र और सुरक्षित विकल्प है आधुनिक बैरियाट्रिक सर्जरी। शुक्रवार को बीम अस्पताल में लैप्रोस्कोपिक रोबोटिक बैरियाट्रिक सर्जन डा. अभय अग्रवाल ने उक्त शब्द एक संवाददाता सम्मेलन में कहे।

उन्होंने कहा कि भले ही मोटापा कम करने की कई दवाइयां बाजार में आ चुकी हैं और वेट लॉस क्लीनिक भी खुले हैं लेकिन मोटापा कम करने के लिए बैरियाट्रिक सर्जरी सबसे बेहतर विकल्प है। इसमें होल सर्जरी द्वारा दूरबीन से पेट में आधा सैंटीमीटर के दो से तीन छेद कर एक बैंड के जरिय पेट के आकार को कम कर दिया जाता है। इसमें एक से डेढ घंटे का समय लगता है और मरीज को 24 घंटे बाद अस्पताल से छुट्टी दी जाती है जिसमें

बैरियाट्रिक सर्जन डा. अग्रवाल संवाददाता संमेलन में जानकारी देते हुए।

ढाई से तीन लाख रुपए खर्च आता है। जब कोई मरीज शरीर में मौजूद ज्यादा कैलरी को बर्न नहीं कर पाता तो वह ओबेसिटी में तबदील हो जाती है और मरीज मोटापे का शिकार हो जाते हैं। आज मोटापे की महामारी दुनिया में फैली हुई है। इसमें स्टमक (पेट) पाऊच के आकार को छोटा कर दिया जाता है जिससे शरीर में बेसिक मैटाबॉलिक रेट (बी.एम.आर.) बढ़ जाता है और ओबेसिटी नहीं होती।

डा. अभय अग्रवाल ने कहा कि पंजाब में मोटापे से ज्यादा लोग पीड़ित हैं। देसी घी, मक्खन और कुलचों का प्रचलन इसका मुख्य कारण हैं। उन्होंने कहा कि इसमें हर महीने आठ से 10 किलो वजन कम होता है और साल में 70 प्रतिशत वजन कम हो सकता है। इससे शूगर के मरीजों को भी शूगर की समस्या से छुटकारा मिल जाएगा। उन्होंने कहा आज मैंने तीन लोगों के आप्रेशन किए हैं जिसमें सुशील बांसल जिसका वजन 140 किलो और अमरजीत कौर जिसका वजन 158 किलो है के अलावा एक लड़की शामिल है, जिसके भविष्य को ध्यान में रखते हुए उसका विवरण उन्होंने प्रैस को नहीं दिया।